→ डिजाइन-संबंधित कार्य (Design Related Work) :-

CAD System द्वारा किये गये विभिन्न डिजाइन संबंधित कार्यों को चार भागों मे वर्गीकृत किया जा सकता है।

(i) ज्यामितीय मॉडलिंग (Geometrical modeling)
(ii) इंजीनियरिंग विश्लेषण (Engineering Analysis)
(iii) डिजाइन की समीक्षा और मूल्यांकन (Review & Evaluation of Design)
(iv) उत्पादन डेटा बेस निर्माण (Creating a Product Data Base)

② कम्प्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (Computer Aided Manufacturing — CAM) :-

कैम के अन्तर्गत कम्प्यूटर का प्रयोग करके उत्पादन प्रक्रम से सम्बंधित विभिन्न संक्रियाएँ जैसे- पदार्थ हस्तांतरण, स्टोरेज, प्लानिंग, मैनेजमेंट इत्यादि सम्पादित की जाती है। यह उत्पादन प्रक्रिया मे प्रबंधन और नियंत्रण प्रदान करता है। इसका मूल उद्देश्य उत्पादों की उत्पादकता और गुणवत्ता मे वृद्धि करना है। CAM साफ्टवेयर की मदद से संख्यात्मक कोड उत्पन्न किये जाते है जिससे मशीनो का संचालन नियंत्रित होता है। CAM साफ्टवेयर CAD द्वारा प्राप्त सूचना को मशीन कोड मे बदलकर, न्यूमेरिक कंट्रोल मशीनो को संचालित कर देता है। जिसके अनुसार आगे की प्रक्रिया पूरी होती है।